लोक शिक्षण संचालनालय
गौतम नगर भोपाल,मध्यप्रदेश
ई–मेल dpividhya@gmail.com दूरभाष 0755–2583650

क्र/अकादमिक/सी/2025/1783 भोपाल, दिनांक 17/9/25

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
मध्यप्रदेश।

विषयः– प्रेरणा कार्यक्रम अंतर्गत फिल्म के प्रदर्शन के संबंध में।

संदर्भः– संयुक्त सचिव, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग का पत्र क्र./ D.O.No. 12-1/2025-IS-17 नई दिल्ली दिनांक 11.09.2025।

0000

संदर्भित पत्रानुसार प्रेरणा कार्यक्रम 1888 में स्थापित वडनगर गुजरात के ऐतिहासिक वर्नाक्युलर स्कूल से संचालित किया जा रहा है। यह वही संस्थान है जहां माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपनी शैक्षिक यात्रा शुरू की थी। कार्यक्रम 9 प्रमुख मानवीय मूल्यों पर आधारित हैः स्वाभिमान और विनयः शौर्य और साहस ; परिश्रम और समर्पण. सत्यनिष्ठा और शुचिता, करुणा और सेवा; नवचार और जिज्ञासा; विविधता और एकता. श्रद्धा और विश्वास; स्वतंत्रता और कर्तव्य।

विद्यार्थियों के बीच अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए, प्रेरणा में मूल्य–आधारित सत्र, कहानी सुनाना, स्वदेशी खेल, व्यावहारिक गतिविधियाँ और दृश्य–श्रव्य अधिगम जैसे शैक्षणिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ऐसा ही एक साधन फिल्म प्रदर्शन है, जो अमूर्त मूल्यों, जीवन की कहानियों, ऐतिहासिक संदर्भों, नैतिक दुविधाओं और मानवीय भावनाओं को जीवंत करने में मदद करता है।
प्रेरणा में नियमित रूप से दिखाई जाने वाली ऐसी ही एक फिल्म है "चलो जीते हैं"। यह सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इस फिल्म को 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में पारिवारिक मूल्यों पर सर्वश्रेष्ठ गैर–फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।

विद्यालयों में 16 से 2 अक्टूबर, 2025 के बीच छात्रों के लिए 'चलो जीते हैं' फिल्म की स्क्रीनिंग की जाना है। फिल्म हेतु लिंक https://www.youtube.com/watch?v=sOPJId4CGsI. है। यह फिल्म युवा शिक्षार्थियों को चरित्र, सेवा और उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर चिंतन करने में मदद करेगी।

अतः समस्त विद्यालयों को फिल्म के प्रदर्शन हेतु निर्देश जारी करने का अनुरोध है।

(डी.एस.कुशवाह)
संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृ.क्र./अकादमिक/सी/2025/1784 भोपाल, दिनांक 17/9/25

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन नई दिल्ली 110115 की ओर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण समस्त संभाग की ओर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश